माँ है सच्ची सरकार मेरी अम्बें रानी

माँ है सच्ची सरकार मेरी अम्बें रानी,
भक्तों की पालनहार मेरी अम्बें रानी,
आओ भक्तों भर लो झोलियाँ, बैठी है साकार मेरी अम्बें रानी,
माँ है सच्ची सरकार मेरी अम्बें रानी....

ज्वाला बन कर आद भवानी जगराते में आई,
खुशियों के भंडारे भर कर साथ में अपने लाई,
आज सभी के कर देगी माँ सपने सारे साकार मेरी अम्बें रानी,
माँ है सच्ची सरकार मेरी अम्बें रानी....

मन दीवाना हो गया मेरा पा कर दर्श तुम्हारा,
तेरा दर्शन मिला हो गया धन्य भाग्य हमारा,
नाम तेरा मेरे जीवन का बन जाए आधार मेरी अम्बें रानी,
माँ है सच्ची सरकार मेरी अम्बें रानी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26823/title/maa-hai-sachi-sarkaar-meri-ambey-rani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |